Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to read Kendriya Vidyalaya in Bhind district, Madhya Pradesh under the category of Hard stations.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी अत्यंत आभारी हूं ।

मेरे लोकसभा क्षेत्र भिंड में दो जिले आते हैं, जिसमें भिंड जिले के केंद्रीय विद्यालय स्कूल को वर्ष 2004 में हार्ड स्टेशन में जोड़ा गया था । भिंड जिले के केंद्रीय विद्यालय में एक हजार से ज्यादा बच्चे हैं । पता नहीं इसे किस कारण से वर्ष 2008 में हार्ड स्टेशन से हटा दिया गया, इसकी वजह से संविदा शिक्षकों के वेतनमान में कमी हुई और उनकी बहुत सी सुविधाओं में कटौती की गई । यहां के हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार में है । यहां शिक्षा की गुणवत्ता में भी कमी आई है । भिंड जिला सुरक्षित क्षेत्र है । जब से देश आजाद हुआ है, तब से यह जिला है, लेकिन इसकी गिनती पिछड़े जिलों में ही होती है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री से निवेदन करूंगी कि तत्काल केंद्रीय विद्यालय को हार्ड स्टेशन में जोड़ा जाए ।